# प्रेस नोट जनपद खीरी

**दिनाँक 31.08.2023**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

## पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा अधिवर्षता आयु पूरी करने वाले 07 पुलिसकर्मियों को अंगवस्त्र पहनाकर, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर विदाई दी गई




आज दिनांक 31.08.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस ऑफिस खीरी में अधिवर्षता आयु पूरी करने के उपरान्त सेवानिवृत्ति होने वाले पुलिसकर्मियों को फूल माला व शॉल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके आगामी सुखमय जीवन की शुभकामनाओं सहित विदा किया गया। महोदय द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्बोधित करते हुए उनके उज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य तथा दीर्घायु की कामना की गई। समारोह में उपस्थित अन्य अधिकारीगणों द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग में अपने सेवाकाल के दौरान किए गये कार्यों की सराहना की गई।

**सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों का विवरण :-**

1.उ0नि0ना0पु0 श्रीमती सुमन बाला मिश्रा
2.उ0नि0ना0पु0 श्री रामदीन
3.उ0नि0ना0पु0 श्री संजय कुमार सिंह
4.उ0नि0ना0पु0 श्री प्रमोद कुमार तिवारी
5.उ0नि0ना0पु0 श्री रामानन्द यादव
6.उ0नि0आरमोरर श्री रमेश चन्द्र
7.मु0आ0ना0पु0 श्री नन्द कुमार
8.ओ0पी0 श्री रामस्वरूप

**पुलिस उपनिरीक्षक से पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नति पाने वाले जनपद खीरी में तैनात 03 उपनिरीक्षकों को पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा कंधों पर नये पद के सितारे लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया**





जनपद खीरी में नियुक्त 03 पुलिस उपनिरीक्षकों (नागरिक पुलिस) को वरिष्ठता के आधार पर पुलिस निरीक्षक (नागरिक पुलिस) के पद पर पदोन्नति प्राप्त होने पर आज दिनांक 31.08.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा कैम्प कार्यालय में पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रमोशन पाने पर 03 उपनिरीक्षकों अनिल कुमार, ओमप्रकाश व कमलेश कुमार के कंधों पर नये पद के सितारे लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की गई।

**पुलिस उपनिरीक्षक से पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने वाले पुलिसकर्मियों का विवरण-**

1-उ0नि0 अनिल कुमार (थानाध्यक्ष फरधान)

2-उ0नि0 ओमप्रकाश (चौकी इंचार्ज ओयल, थाना खीरी)

3-उ0नि0 कमलेश कुमार (चौकी इंचार्ज जेल गेट, कोतवाली सदर)

# <u>थाना सम्पूर्णानगर पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया</u>




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 31.08.2023 को 01 नफर वारण्टी अभियुक्त विन्दर सिंह बजवा उर्फ पप्पू बजवा पुत्र करनल सिंह निवासी ग्राम हरिनगर बरेली फार्म गदनिया थाना सम्पूर्णानगर जिला खीरी सम्बन्धित वाद संख्या 3191-2020 धारा 24/41/42 F ACT थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है ।

## <u>गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त</u>

विन्दर सिंह बजवा उर्फ पप्पू बजवा पुत्र करनल सिंह नि0 हरिनगर बरेली फार्म गदनिया थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी

## <u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण</u>

1. उ0नि0 विशाल सिंह थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी
2. का0 सुनील कुमार थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी
3. का0 कृष्णपाल सिंह थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी

## थाना भीरा पुलिस टीम द्वारा, 01 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थों के निर्माण/बिक्री/परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 31.08.2023 को थाना भीरा पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त अतीक पुत्र शकीर अहमद निवासी मो0 अब्दुल कलाम नगर कस्बा भीरा थाना भीरा जनपद खीरी को एक अदद प्लास्टिक के थैले मे 01 किलो 300 ग्राम नाजायज अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार शुदा अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 422/2023 धारा 8/20 NDPS Act पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड हेतु लखीमपुर खीरी भेजा जा रहा है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

अतीक पुत्र शकीर अहमद नि0मो0 अब्दुल कलाम नगर कस्बा भीरा थाना भीरा जनपद खीरी

**बरामदगी**

अभियुक्त के कब्जे से एक अदद बण्डल मे करीब 01 किलो 300 ग्राम नाजायज अवैध गांजा बरामद

**पंजीकृत अभियोग**

मु0अ0सं0 422/2023 धारा 8/20 NDPS Act

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**

मु0अ0सं0 145/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

1.उ0नि0 श्री परितोष पाण्डेय
2.उ0नि0 श्री मो0 जुबेर अहमद
3.आ0 संजय सिंह
4.आ0 रामअचल
5.आ0 प्रदीप चीमा

**थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मारपीट से सम्बन्धित वायरल हो रही वीडियो के सम्बन्धित 03 नफर को गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी श्री गणेश साहा निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी व क्षेत्राधिकारी महोदय के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक महोदय के कुशल नेतृत्व में आज दिनाँक 31.08.2023 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मारपीट से सम्बन्धित वायरल हो रही वीडियो से सम्बन्धित तीन नफर अभियुक्तगण 1.जतिन राज पुत्र राजू राज बाल्मिकी 2. आदर्श बाल्मिकी पुत्र रामप्रकाश उर्फ छोटकन्ने नि0गण मो0 संकटादेवी हरिजनबस्ती थाना कोतवाली सदर जिला खीरी 3. अनुराध उर्फ रूरू पुत्र अमरनाथ नि0 रेलवे कालोनी मो0 गौटैय्याबाग थाना कोतवाली सदर जिला खीरी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1.जतिन राज पुत्र राजू राज बाल्मिकी नि0 मो0 संकटादेवी हरिजनबस्ती थाना कोतवाली सदर खीरी

2. आदर्श बाल्मिकी पुत्र रामप्रकाश उर्फ छोटकन्ने नि0 मो0 संकटादेवी हरिजनबस्ती थाना कोतवाली सदर खीरी

3. अनुराध उर्फ रूरू पुत्र अमरनाथ नि0 रेलवे कालोनी मो0 गौटैय्याबाग थाना कोतवाली सदर जिला खीरी

**गिरफ्तारकर्ता टीम का विवरण –**

1. उ0नि0 पशुपतिनाथ तिवारी कोतवाली सदर खीरी
2. हे0का0 रमाशंकर यादव कोतवाली सदर खीरी
3. हे0का0 सन्तोष कुमार कोतवाली सदर खीरी

## **थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा, 31 ग्राम अवैध नशीला पाउडर (अल्प्रासेफ) बरामद कर 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्तों रफीक पुत्र हबीब व जाहिद पुत्र गफूर नि0गण मोहम्मदपुर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को क्रमश: 16 ग्राम व 15 ग्राम कुल 31 ग्राम अवैध नशीला पाउडर (अल्प्रासेफ) बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना मोहम्मदी पर मु0अ0सं0 562/23 व 563/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## **थाना मैलानी पुलिस द्वारा, अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर अभियुक्त इनायत अली पुत्र हिक्कत शाँह गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व मादक शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मैलानी पुलिस द्वारा अभियुक्त इनायत अली पुत्र हिक्कत शाँह नि0 मूड़ा थाना मैलानी जनपद खीरी को 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना मैलानी पर मु0अ0सं0 324/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## **वांछित/वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही**

1-थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, अ0सं0 176/22 धारा 128 सीआरपीसी में वारंटी अभियुक्त सन्तोष पुत्र लल्लन नि0 मथना थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

2-थाना गोला पुलिस द्वारा, अ0सं0 180/23 धारा 125(3) भादवि में वारंटी अभियुक्त आफताब आलम पुत्र गफ्फार नि0 अर्जुन नगर थाना गोला जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।

**<u>अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 120 लीटर अवैध शराब बरामद कर 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया</u>**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **<u>120 लीटर अवैध कच्ची शराब व 02 शराब भट्ठी</u>** बरामद कर **<u>08 अभियुक्तों</u>** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **<u>08 अभियोग</u>** पंजीकृत किए गए।